PROVISIONAL ANSWER KEY
NAME OF THE POST :
Assistant Professor in Hindi, Class-II (ADF)
Advt No. :70/2016-17
Date of Preliminary Test : 5/2/2017
Subject : Concerned Subject ( 101 to 300 )

**101.** समर शेष है, इस स्वराज्य को सत्य बनाना होगा।

जिसका है यह न्याय उसे सत्वर पहुँचाना होगा।

पंक्तियाँ किस कवि की हैं?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) मैथिलीशरण गुप्त
(D) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

**102.** मुंडा परिवार की भाषा नहीं है:

(A) संताली
(B) भिली
(C) हो
(D) कोरकू

**103.** निम्नांकित में से किस कवि का संबंध पंढरपुर से है?

(A) मलिक मोहम्मद जायसी
(B) तुलसीदास
(C) कबीरदास
(D) संत नामदेव

**104.** निम्नांकित पंक्तियाँ किस कवि की हैं–

माधव, कत तोर करब बड़ाई
उपमा तोहर कहब ककरा हम
कहितहुँ अधिक लजाई।

(A) मीराबाई
(B) विद्यापति
(C) सूरदास
(D) नंददास

**105.** 'संघ का कर्त्तव्य होगा कि वह हिन्दी भाषा का प्रसार बढ़ाए और उसका विकास करे।' यह कथन कहा गया है:

(A) अनुच्छेद 351 में
(B) अनुच्छेद 343 में
(C) अनुच्छेद 345 में
(D) अनुच्छेद 348 में

**106.** व्यंजन संधि का प्रयोग हुआ है:

(A) सदाचार में
(B) स्वागत में
(C) मतैक्य में
(D) राजर्षि में

**107.** 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम' कथन है:

(A) भरत का
(B) भामह का
(C) वामन का
(D) अभिनवगुप्त का

**108.** 'राम से राम सिया सी सिया' कथन में कौन सा अलंकार है:

(A) उपमा
(B) रूपक
(C) अनन्वय
(D) दीपक

**109.** 'टोपी शुक्ला' उपन्यास के लेखक हैं:

(A) श्रीलाल शुक्ल
(B) मन्नू भंडारी
(C) अमरकांत
(D) राही मासूम रजा

**110.** 'संतन को कहा सीकरी सों काम,
आवत जात पन्हैयां टूटीं बिसरि गयौ हरिनाम।'

पंक्तियाँ किस कवि की हैं–

(A) नाभादास
(B) कुंभनदास
(C) नंददास
(D) सूरदास

**111.** 'न तत् ज्ञानम् न तत् शिल्पम् न सा विद्या न सा कला' किस विधा के बारे में कहा गया है:

(A) महाकाव्य
(B) नाटक
(C) गद्य
(D) चंपू काव्य

**112.** अष्टछाप के कवि 'चतुर्भुजदास' के पिता कौन थे:

(A) सूरदास
(B) नाभादास
(C) कुंभनदास
(D) नंददास

**113.** 'दृग उरझत टूटत कुटुम, जुरत चतुर चित प्रीति।
परति गांठि दुरजन हिये, दई नई यह रीति।।

प्रस्तुत पंक्तियों में कौन सा अलंकार है:

(A) असंगति
(B) विरोधाभास
(C) विभावना
(D) अतिशयोक्ति

**114.** 'कलम के सिपाही' किस विधा की रचना है–

(A) नाट्य (B) काव्य

(C) जीवनी (D) आत्मकथा

**115.** 'छायावाद' का नामकरण करने का श्रेय किसे है

(A) रूपनारायण पांडेय (B) जयशंकर प्रसाद

(C) रामकुमार वर्मा (D) मुकुटधर पांडेय

**116.** 'बसेरे से दूर' किस लेखक की आत्मकथा है

(A) अमृत लाल नागर (B) हरिवंशराय बच्चन

(C) कमलेश्वर (D) ओम प्रकाश वाल्मिकी

**117.** निम्नलिखित काव्यकृतियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए–

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| (a) मुक्तिप्रसंग | (i) लीलाधर जगूड़ी |
| (b) खुशबू के शिलालेख | (ii) रामधारी सिंह 'दिनकर' |
| (c) अनुभव के आकाश में चाँद | (iii) राजकमल चौधरी |
| (d) रेणुका | (iv) भवानीप्रसाद मिश्र |

(A) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii)

(B) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)

(C) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)

(D) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)

**118.** 'कस्तूरी कुण्डल बसै' किसकी आत्मकथा है:

(A) प्रभा खेतान (B) मन्नू भंडारी

(C) मैत्रेयी पुष्पा (D) निर्मला जैन

**119.** 'कामरेड का कोट' कहानी के लेखक का नाम है:

(A) संजीव (B) सृंजय

(C) भीष्म साहनी (D) रवीन्द्र कालिया

**120.** 'प्रयोगवाद' के प्रवर्तक कौन हैं:

(A) दिनकर
(B) बच्चन
(C) महादेवी वर्मा
(D) अज्ञेय

**121.** 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक रहे हैं:

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) जैनेन्द्र कुमार
(C) अज्ञेय
(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

**122.** ''रंगमंच का सौंदर्यशास्त्र, पहला रंग, रंग कोलाज, दर्शन–प्रदर्शन, सातवाँ रंग'' पुस्तकों के लेखक हैं –

(A) देवेन्द्र राज अंकुर
(B) गिरीश कर्नाड
(C) रामकुमार वर्मा
(D) नरेन्द्र मोहन

**123.** 'शिकंजे का दर्द' किसकी आत्मकथा है:

(A) डॉ. धर्मवीर
(B) सुशीला टाकभौरे
(C) सूरजपाल चौहान
(D) तुलसीराम

**124.** 'एक गधे की आत्मकथा' उपन्यास के लेखक हैं–

(A) राजेन्द्र यादव
(B) कमलेश्वर
(C) किशन चन्दर
(D) मंटो

**125.** 'मेरे तो गिरिधर गोपाल, दूसरो न कोई' पंक्ति के रचनाकार का नाम बताइए:

(A) सूरदास
(B) नाभादास
(C) मीराबाई
(D) नंददास

**126.** रामवृक्ष बेनीपुरी के यात्रावृतांत का शीर्षक है:

(A) रूसी सफरनामा
(B) देश–विदेश
(C) पैरों में पंख बांधकर
(D) अरे यायावर रहेगा याद

**127.** निम्नलिखित रचनाकारों को उनके आश्रयदाता राजाओं के साथ सुमेलित कीजिए–

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| (a) चंदबरदाई | (i) छत्रसाल |
| (b) बिहारी | (ii) परमाल |
| (c) जगनिक | (iii) जयसिंह |
| (d) भूषण | (iv) पृथ्वीराज चौहान |

(A) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)

(B) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii)

(C) (a)- (iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

(D) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)

**128.** 'जाहिर बातन में अति तेज, क्यों सखि साजन नहीं अंगरेज' पंक्तियों के रचनाकार हैं

(A) प्रताप नारायण मिश्र
(B) बालमुकुन्द गुप्त
(C) भारतेन्दु हरिश्चंद्र
(D) अयोध्या प्रसाद खत्री

**129.** फोर्ट विलियम कॉलेज से संबंधित नहीं थे:

(A) जार्ज ग्रियर्सन
(B) सदल मिश्र
(C) लल्लू लाल
(D) जॉन गिलक्राइस्ट

**130.** टी. एस. इलियट की रचना है

(A) द वेस्ट लैंड
(B) रिपब्लिक
(C) ऑन पोएटिक्स
(D) द सब्लाइम

**131.** 'विकलांग श्रद्धा का दौर' पुस्तक के लेखक हैं–

(A) राजेन्द्र यादव
(B) कुबेरनाथ राय
(C) हरिशंकर परसाई
(D) मनोहर श्याम जोशी

**132.** 'वक्रोक्ति सिद्धांत' के प्रवर्तक आचार्य का नाम है:

(A) शंकुक
(B) कुंतक
(C) आनंदबर्द्धन
(D) भरत मुनि

**133.** 'एक बूँद सहसा उछली' किस विधा की रचना है–

(A) यात्रावृत्त (B) संस्मरण

(C) रिपोर्ताज (D) कविता

**134.** शौरसेनी अपभ्रंश से उद्भूत बोलियाँ हैं?

(A) पश्चिमी हिंदी, बिहारी, पहाड़ी (B) पहाड़ी, पूर्वी हिंदी, राजस्थानी

(C) राजस्थानी, बिहारी, पहाड़ी (D) पश्चिमी हिंदी, राजस्थानी, पहाड़ी

**135.** 'रासपंचाध्यायी, सिद्धांत पंचाध्यायी, सुदामाचरित्र' आदि रचनाओं के रचनाकार हैं–

(A) चतुर्भुजदास (B) परमानंद दास

(C) नंददास (D) नाभादास

**136.** 'उदंत मार्तंड' पत्र कहां से प्रकाशित होता था:

(A) काशी (B) इलाहाबाद

(C) कलकत्ता (D) आगरा

**137.** मैथिलीशरण गुप्त ने अपनी किस रचना में कैकयी के चरित्र का कायाकल्प किया है–

(A) विष्णुप्रिया (B) द्वापर

(C) साकेत (D) पंचवटी

**138.** 'वैष्णव जन तो तेणे रे कहिये
जे पीड़ पराई जाणे रे'

पंक्तियाँ किन कवि की हैं–

(A) नरसिंह मेहता (B) कबीर

(C) तुलसीदास (D) सूरदास

**139.** 'मैथिल कोकिल' कहा जाता है–

(A) नागार्जुन को (B) विद्यापति को

(C) मिथिलेश्वर को (D) घनानंद को

**140.** निम्नांकित में गलत युग्म चुनिए:

(A) रिपब्लिक–प्लेटो

(B) पेरिइप्सुस–क्रोंचे

(C) पोइटिक्स–अरस्तू

(D) ध्वन्यालोक–आनंदवर्धन

**141.** निम्नलिखित में से कौन 'भारतेन्दु मंडल' का लेखक नहीं है:

(A) प्रताप नारायण मिश्र

(B) बालमुकुन्द गुप्त

(C) ठाकुर जगमोहन सिंह

(D) सरदार पूर्ण सिंह

**142.** ''एक थाल मोती से भरा, सबके सिर पर औंधा धरा
चारों ओर वह थाली फिरै, मोती उससे एक न गिरे''
इन पंक्तियों के रचयिता कौन हैं–

(A) गिरिधर कविराय

(B) चंदवरदाई

(C) अमीर खुसरो

(D) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

**143.** 'रिपब्लिक' किस पाश्चात्य विचारक की पुस्तक है?

(A) सुकरात

(B) अरस्तू

(C) प्लेटो

(D) लोंजाइनस

**144.** 'मेरो मन अनत कहाँ सुख पावै
जैसे उड़ि जहाज को पंछी
पुनि जहाज पै आवै।'
पंक्तियों के रचनाकार हैं–

(A) विद्यापति

(B) सूरदास

(C) बिहारी

(D) घनानंद

**145.** 'कितनी नावों में कितनी बार' किस विधा की रचना है?

(A) यात्रा वृत्तांत

(B) संस्मरण

(C) रिपोर्ताज

(D) कविता

**146.** 'नाटक जारी है' किस विधा की रचना है–

(A) नाटक | (B) नाट्यालोचना
(C) कविता | (D) उपन्यास

**147.** कवि सुब्रह्मण्य भारती का संबंध भारत के किस राज्य से है?

(A) तमिलनाडु | (B) केरल
(C) कनार्टक | (D) महाराष्ट्र

**148.** तुलसीदास की कौन सी कृति ब्रजभाषा में है–

(A) पार्वती मंगल | (B) कवितावली
(C) बरवै रामायण | (D) वैराग्य संदीपनी

**149.** 'हिंदी साहित्य का अतीत' पुस्तक के लेखक हैं –

(A) श्री विश्वनाथ प्रसाद मिश्र | (B) डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) डॉ. मोतीलाल मेनारिया | (D) डॉ. नलिन विलोचन शर्मा

**150.** कौन सा कवि 'जड़िया' के रूप में प्रसिद्ध है:

(A) कृष्णदास | (B) कुंभनदास
(C) परमानंददास | (D) नंददास

**151.** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के 'हिंदी साहित्य का इतिहास' का प्रथम प्रकाशन कब हुआ–

(A) 1927 में | (B) 1928 में
(C) 1929 में | (D) 1930 में

**152.** श्रीलाल शुक्ल को प्रसिद्धि किस रूप में मिली?

(A) कवि के रूप में | (B) व्यंग्यकार के रूप में
(C) निबन्धकार के रूप में | (D) नाटककार के रूप में

**153.** फणीश्वरनाथ रेणु द्वारा रचित 'ठुमरी' साहित्य की कौन सी विधा है।

(A) संस्मरण | (B) कहानी संग्रह
(C) उपन्यास | (D) निबन्ध

**154.** रसखान की रचना है:

(A) प्रेमवाटिका
(B) दानलीला
(C) रसज्ञरंजन
(D) इश्कनामा

**155.** किशोर जीवन की भावुकता तथा रूमानियत के कारण निम्नांकित में से किस उपन्यास को बेहद लोकप्रियता मिली?

(A) सुनीता
(B) नदी के द्वीप
(C) रंगभूमि
(D) गुनाहों का देवता

**156.** कहानी के विषय में निम्नांकित कथन किस लेखक का है?

''वह एक रमणीय उद्यान नहीं, जिसमें भाँति-भाँति
के फूल-बेल-बूटे सजे हुए हैं, बल्कि एक ऐसा
गमला है जिसमें एक ही पौधे का माधुर्य अपने
समुन्नत रूप में दृष्टिगोचर होता है।''

(A) डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) मुंशी प्रेमचन्द
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

**157.** 'भाग्यवती' उपन्यास के लेखक हैं –

(A) श्रद्धाराम फिल्लौरी
(B) पं. गौरीदत्त
(C) लाला श्रीनिवास दास
(D) देवकीनन्दन खत्री

**158.** 'मैं उपन्यास को मानव-चरित्र का चित्रमात्र समझता हूँ। मानव-चरित्र पर प्रकाश डालना और उसके रहस्यों को खोलना ही उपन्यास का मूलमंत्र है।' उपन्यास के सम्बन्ध में उपर्युक्त कथन किसका है?

(A) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी
(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(C) डॉ. नगेन्द्र
(D) प्रेमचन्द

**159.** निम्नांकित में से हिंदी के प्रमुख ऐतिहासिक उपन्यासकार हैं:

(A) अज्ञेय
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) जैनेन्द्र
(D) वृन्दावनलाल शर्मा

**160.** 'अपना-अपना भाग्य' कहानी के लेखक हैं–

(A) चित्रा मुद्गल
(B) से. रा. यात्री
(C) जैनेंद्र
(D) कमलेश्वर

**161.** गोदान उपन्यास का पात्र नहीं है:

(A) होरी
(B) धनिया
(C) गोबर
(D) माधव

**162.** खड़ीबोली हिन्दी का पहला महाकाव्य है –

(A) यशोधरा
(B) प्रिय प्रवास
(C) साकेत
(D) कामायनी

**163.** फणीश्वरनाथ रेणु की कहानी पर बनी फिल्म का नाम है?

(A) रजनीगंधा
(B) पहेली
(C) तीसरी कसम
(D) शतरंज के खिलाड़ी

**164.** निम्नांकित में से किस उपन्यास को कृषक जीवन का महाकाव्य कहा जाता है?

(A) गोदान
(B) गबन
(C) निर्मला
(D) कायाकल्प

**165.** 'प्रेमचंद और उनका युग' के लेखक हैं–

(A) हंसराज रहबर
(B) इन्द्रनाथ मदान
(C) नन्ददुलारे वाजपेयी
(D) रामविलास शर्मा

**166.** निम्नलिखित में से कौन सी रचना मैथिलीशरण गुप्त की नहीं है:

(A) पंचवटी
(B) साकेत
(C) सिद्धराज
(D) पथिक

**167.** 'सूरजमुखी अँधेरे के' किसका उपन्यास है?

(A) रवीन्द्र कालिया
(B) ममता कालिया
(C) विष्णु प्रभाकर
(D) कृष्णा सोबती

**168.** 'हिन्दी प्रदीप' के संपादक कौन थे:

(A) प्रताप नारायण मिश्र
(B) बालकृष्ण भट्ट
(C) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(D) राधाचरण गोस्वामी

**169.** निम्नलिखित में से कौन सी रचना हजारीप्रसाद द्विवेदी की नहीं है?

(A) सुनीता
(B) पुनर्नवा
(C) अनामदास का पोथा
(D) आलोक पर्व

**170.** 'कलिकथा वाया बाईपास' नामक उपन्यास किसका है?

(A) शिवानी
(B) नरेश मेहता
(C) अलका सरावगी
(D) कृष्णा सोबती

**171.** 'बाणभट्ट की आत्मकथा' उपन्यास की भाषा कैसी है?

(A) संस्कृतनिष्ठ हिंदी
(B) उर्दू मिश्रित हिंदी
(C) बोलचाल की सरल हिंदी
(D) पंजाबी मिश्रित हिंदी

**172.** 'प्रेमसागर' किसकी रचना है–

(A) रामप्रसाद निरंजनी
(B) सदल मिश्र
(C) सदासुखलाल
(D) लल्लूलाल

**173.** 'शहर में घूमता आईना' किसका उपन्यास है?

(A) यशपाल
(B) उपेन्द्र नाथ अश्क
(C) मोहन राकेश
(D) राजेन्द्र यादव

**174.** फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कब हुई –

(A) 1790 ई.
(B) 1800 ई.
(C) 1805 ई.
(D) 1850 ई.

**175.** 'कीरति भनिति भूति भलि सोई
सुरसरि सम सब कहँ हित होई'
पंक्तियाँ किस कवि की हैं–

(A) जायसी
(B) तुलसीदास
(C) केशवदास
(D) सूरदास

**176.** 'यथासमय' में कौन सा समास है:

(A) कर्मधारय
(B) बहुब्रीहि
(C) तत्पुरुष
(D) अव्ययीभाव

**177.** 'ढाई घर' उपन्यास के लेखक का क्या नाम है?

(A) मन्नू भंडारी
(B) निर्मल वर्मा
(C) कृष्णा सोबती
(D) गिरिराज किशोर

**178.** 'रीतिमुक्त' काव्यधारा के प्रतिनिधि कवि हैं–

(A) बिहारी
(B) केशव
(C) पद्माकर
(D) घनानंद

**179.** 'हिन्दी साहित्य : बीसवीं शताब्दी' के लेखक हैं–

(A) विनयमोहन शर्मा
(B) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(C) नंददुलारे बाजपेयी
(D) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

**180.** कारी कूर कोकिला, कहाँ को बैर काढ़ति री। काव्य पंक्तियों में निहित अलंकार है–

(A) यमक
(B) श्लेष
(C) व्यतिरेक
(D) अनुप्रास

**181.** लोग हैं लागि कवित्त बनावत,
मोहि तो मोरे कवित्त बनावत।

यह उक्ति कही गयी है –

(A) बिहारी द्वारा
(B) देव द्वारा
(C) घनानन्द द्वारा
(D) भूषण द्वारा

**182.** इन्द्र जिमि जंभ पर, बाड़ब सुअंभ पर रावण सदंभ पर, रघुकुल राज हैं' पंक्तियाँ किस कवि की हैं–

(A) भूषण (B) घनानन्द

(C) बिहारी (D) रसखान

**183.** मैं गिरधर के घर जाऊँ

गिरधर म्हारो साँचो प्रीतम देखत रूप लुभाऊँ।

पंक्तियों के रचनाकार हैं:

(A) मतिराम (B) घनानन्द

(C) गिरधर कविराय (D) मीराबाई

**184.** 'अमिय हलाहल मदभरे सेत स्याम रतनार।

जियत मरत झुकि झुकि परत जेहि चितवत इक बार।।

पंक्तियों के रचनाकार हैं:

(A) आलम (B) भिखारीदास

(C) रसलीन (D) बोधा

**185.** वार्णिक छन्द है:

(A) रोला (B) सोरठा

(C) चौपाई (D) घनाक्षरी

**186.** 'आधि–व्याधि' में 'आधि' का अर्थ है:

(A) शारीरिक कष्ट (B) सामाजिक कष्ट

(C) मानसिक कष्ट (D) दैविक कष्ट

**187.** निम्न में से कौन–सी रचना केशव की नहीं है–

(A) कविप्रिया (B) रसिकप्रिया

(C) प्रियप्रवास (D) विज्ञानगीता

**188.** 'कुल्ली भाट' के रचनाकार हैं:

(A) भगवतीचरण वर्मा

(B) रामकुमार वर्मा

(C) निराला

(D) मोहन राकेश

**189.** 1676 में ब्रजभाषा व्याकरण की रचना की थी:

(A) मिर्जा खां ने

(B) बेंजामिन शूल्ज ने

(C) नंददास ने

(D) गिलक्राइस्ट ने

**190.** भूषण द्वारा रचित शिवा बावनी किस आश्रयदाता की प्रशंसा में लिखी गयी–

(A) छत्रपति शिवाजी

(B) महाराणा प्रताप

(C) छत्रसाल

(D) मंगल पाण्डेय

**191.** 'तीस दिन: मालवीय जी के साथ' किसका संस्मरण है:

(A) मैथिलीशरण गुप्त का

(B) रामनरेश त्रिपाठी का

(C) श्रीधर पाठक का

(D) माखनलाल चतुर्वेदी का

**192.** स्थापना काल के आधार पर समाजों का सही क्रम है:

(A) प्रार्थना समाज–आर्य समाज–ब्रह्म समाज

(B) ब्रह्म समाज–आर्य समाज–प्रार्थना समाज

(C) ब्रह्म समाज–प्रार्थना समाज–आर्य समाज

(D) आर्य समाज–ब्रह्म समाज–प्रार्थना समाज

**193.** कवि रसखान किनके शिष्य थे:

(A) स्वामी विट्ठलनाथ

(B) स्वामी बल्लभाचार्य

(C) स्वामी कृष्णदास

(D) स्वामी परमानन्ददास

**194.** 'अशोक के फूल' निबंध संग्रह के रचनाकार हैं:

(A) डॉ. नगेन्द्र

(B) रामविलास शर्मा

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) रामचन्द्र शुक्ल

**195.** 'कामायनी' को व्यापक फैंटेसी किसने कहा है?

(A) शमशेर बहादुर सिंह
(B) भवानीप्रसाद मिश्र
(C) कुँवर नारायण
(D) गजानन माधव मुक्तिबोध

**196.** 'यदि प्रबन्ध काव्य एक विस्तृत वनस्थली है तो मुक्तक काव्य का चुना हुआ गुलदस्ता'–यह कथन किनका है–

(A) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(C) डॉ. नगेन्द्र
(D) डॉ. राम कुमार वर्मा

**197.** निम्नलिखित में से कौन ललित निबंधकार नहीं है:

(A) कुबेरनाथ राय
(B) विवेकी राय
(C) गोविन्द मिश्र
(D) विद्यानिवास मिश्र

**198.** नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास यहि काल।
अली कली ही सों बन्ध्यो, आगे कौन हवाल।।
प्रस्तुत दोहा बिहारी ने लिखकर किस राजा के पास भेजा था:

(A) राजा मानसिंह
(B) राजा विक्रमसिंह
(C) राजा जयसिंह
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**199.** छूटी न सिसुता की झलक, झलक्यो जोबन अंग।
दीपति देहि दुहून मिलि, दिपति ताफता रंग।।
उपर्युक्त दोहे में नायिका के किस प्रकार के सौन्दर्य का वर्णन किया गया है–

(A) वय:सन्धि वर्णन
(B) केश वर्णन
(C) टीका वर्णन
(D) वेणी वर्णन

**200.** 'कनुप्रिया' के लेखक कौन हैं?

(A) मैत्रेयी पुष्पा
(B) राजेन्द्र यादव
(C) इलाचन्द्र जोशी
(D) धर्मवीर भारती

**201.** 'सावित्री और महेन्द्र' मोहन राकेश के किस नाटक के पात्र हैं:

(A) आषाढ़ का एक दिन
(B) आधे-अधूरे
(C) लहरों के राजहंस
(D) प्यालियाँ टूटती हैं

**202.** 'जूठन' किस लेखक की आत्मकथा है?

(A) श्यौराज सिंह बेचैन (B) ओम प्रकाश वाल्मीकि

(C) जय प्रकाश कर्दम (D) तुलसी राम

**203.** 'संसद से सड़क तक' किसकी रचना है?

(A) नागार्जुन (B) भवानी प्रसाद मिश्र

(C) धूमिल (D) अज्ञेय

**204.** 'हयवदन' नाम से ही स्पष्ट है–

(A) घोड़े का मुख (B) बछड़े का मुख

(C) पक्ष का मुख (D) हाथी का मुख

**205.** बंगला संतकवि हैं:

(A) रामदास (B) चण्डीदास

(C) विष्णुदास (D) बलराम दास

**206.** भरतमुनि द्वारा लिखित ग्रंथ का नाम है–

(A) नाटक (B) नटरंग

(C) नाट्य शास्त्र (D) रंगमण्डल

**207.** सूची I में दिये गये रचनाकारों को सूची II में दिये गये उनकी भाषाओं से सुमेलित करते हुए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (a) पदमा सचदेव | (i) पंजाबी |
| (b) शरत्चन्द | (ii) गुजराती |
| (c) पाश | (iii) डोगरी |
| (d) जसमा ओड़न | (iv) बंगला |

(A) a - (iii), b - (iv), c - (ii), d - (i)

(B) a - (iii), b - (iv), c - (i), d - (ii)

(C) a - (i), b - (iii), c - (ii), d - (iv)

(D) a - (iv), b - (ii), c - (i), d - (iii)

**208.** निम्न में से कौन–सा नाटक विजय तेंदुलकर का नहीं है–

(A) गिद्ध (B) ढाई पन्ने

(C) घासीराम कोतवाल (D) अजातशत्रु

**209.** 'इतिहास तिमिरनाशक' के लेखक हैं:

(A) शिवप्रसाद सितारेहिंद (B) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

(C) राजा लक्ष्मण सिंह (D) बालकृष्ण भट्‌ट

**210.** 'हिंदी हैं हम वतन है हिन्दोस्तां हमारा' यह कथन किसका है–

(A) इकबाल (B) रवीन्द्रनाथ ठाकुर

(C) शरतचन्द (D) प्रेमचंद

**211.** हिंदी साहित्य के 'रीतिकाल' को अन्य किस नाम से जाना जाता है।

(A) स्वर्णकाल (B) सगुणकाल

(C) श्रृंगार काल (D) पूर्व मध्यकाल

**212.** 'वीरगाथा' से जुड़नेवाला रासोग्रंथ नहीं है:

(A) खुमान रासो (B) पृथ्वीराज रासो

(C) संदेस रासो (D) बीसलदेव रासो

**213.** घनानंद की प्रेमिका का क्या नाम था?

(A) मधुमालती (B) सुजान

(C) जुलेखा (D) रत्नावली

**214.** कौन–सी रचना कालिदास की नहीं है?

(A) अभिज्ञान शांकुतलम (B) गीत गोविन्द

(C) मेघदूत (D) कुमार संभव

**215.** ''होगी जय, होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन।'' उपर्युक्त पंक्ति किस रचना से उद्धृत है।

(A) कामायनी (B) तुलसीदास

(C) जागो फिर एक बार (D) राम की शक्तिपूजा

**216.** निम्नांकित भक्तिकाल के कवियों में से कौन सा कवि निर्गुण काव्य धारा के कवियों की श्रेणी में नहीं है।

(A) कबीरदास
(B) सुन्दरदास
(C) मलूकदास
(D) नाभादास

**217.** कामायनी में कितने सर्ग हैं।

(A) पंद्रह
(B) तेरह
(C) चौदह
(D) बारह

**218.** 'बाणभट्ट की आत्मकथा' किस विधा की रचना है।

(A) निबन्ध
(B) उपन्यास
(C) जीवनी
(D) आत्मकथा

**219.** 'ज्ञानात्मक संवेदना और संवेदनात्मक ज्ञान' पद का प्रयोग करनेवाले रचनाकार हैं:

(A) अज्ञेय
(B) निराला
(C) मुक्तिबोध
(D) केदानाथ सिंह

**220.** 'हिन्दी का प्रश्न स्वराज्य का प्रश्न है।' यह किसका मत है:

(A) बाल गंगाधर तिलक
(B) राहुल सांकृत्यायन
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) महात्मा गांधी

**221.** 'उत्तर आधुनिक साहित्यिक विमर्श' ग्रंथ के लेखक हैं–

(A) सुधीश पचौरी
(B) देवेन्द्रनाथ शर्मा
(C) निर्मला जैन
(D) बच्चन सिंह

**222.** 'निर्वैयक्तिकता का सिद्धान्त' किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया है?

(A) आई.ए. रिचर्ड्स
(B) टी.एस. इलियट
(C) प्लेटो
(D) मैथ्यू आर्नल्ड

**223.** 'कैथार्सिस' का सम्बन्ध किससे है?

(A) लोकहित
(B) उदारता
(C) साधारणीकरण
(D) विरेचन

**224.** आइ.ए. रिचडर्स की प्रमुख पुस्तक कौन–सी है?

(A) प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म
(B) पोएटिक्स
(C) पेरिइप्सुस
(D) ड्राइडन

**225.** 'तांबे के कीड़े' एकांकी के रचनाकार हैं?

(A) रामकुमार वर्मा
(B) उदयशंकर भट्ट
(C) हरिकृष्ण प्रेमी
(D) भुवनेश्वर

**226.** काव्य–मूल्य और सम्प्रेषण सिद्धान्त के प्रतिष्ठापक कौन हैं?

(A) प्लेटो
(B) रिचर्ड्स
(C) लोंजाइनस
(D) इलियट

**227.** किस आलोचक का संबंध 'शान्ति निकेतन' से रहा है?

(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) नामवर सिंह
(D) मैनेजर पांडेय

**228.** 'त्रिशंकु' किसकी आलोचनात्मक कृति है?

(A) गजानन माधव मुक्तिबोध
(B) नन्दुलारे वाजपेयी
(C) सच्चिदानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय'
(D) शान्तिप्रिय द्विवेदी

**229.** निम्नलिखित में से मार्क्सवादी आलोचक नहीं हैं–

(A) नगेन्द्र
(B) रामविलास शर्मा
(C) शिवदास सिंह चौहान
(D) मैनेजर पाण्डेय

**230.** निम्नलिखित में से कौन वाक्य शुद्ध और मानक हिन्दी में है:

(A) हमने पैदल विद्यालय जाना है।

(B) हमारे को पैदल विद्यालय जाना है।

(C) हमको पैदल विद्यालय जाना है।

(D) हमें पैदल विद्यालय जाना है।

**231.** प्रगतिवादी आलोचना का मुख्य आधार है–

(A) मनोविश्लेषणवाद

(B) आनंदवाद

(C) प्रकृतिवाद

(D) द्वंद्वात्मक भौतिकवाद

**232.** ''जी हाँ हुजूर, मैं गीत बेचता हूं।
जी माल देखिए, दाम बताऊँगा,
बेकाम नहीं हैं, काम बताऊँगा''
इन पंक्तियों के रचनाकार हैं:

(A) हरिनारायण व्यास

(B) रघुवीर सहाय

(C) धर्मवीर भारती

(D) भवानीप्रसाद मिश्र

**233.** जनसंख्या की दृष्टि से निम्नलिखित में से किस भाषा परिवार के बोलने वालों की संख्या सर्वाधिक है?

(A) हामी परिवार

(B) तिब्बत–चीनी परिवार

(C) भारोपीय परिवार

(D) सूडानी परिवार

**234.** 'भारोपीय परिवार' की भाषा नहीं है?

(A) मराठी

(B) असमिया

(C) पंजाबी

(D) तेलुगु

**235.** प्रत्येक वर्ग के तृतीय, चतुर्थ और पंचम व्यंजन होते हैं–

(A) अल्पप्राण

(B) महाप्राण

(C) अघोष

(D) सघोष

**236.** किस अपभ्रंश से कौन–सी आधुनिक भाषा विकसित हुई है उसे सही क्रम में सुमेलित कीजिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. | शौरसेनी | 1. | सिन्धी |
| ख. | मागधी | 2. | पूर्वी हिंदी |
| ग. | अर्द्धमागधी | 3. | गुजराती |
| घ. | ब्राचड | 4. | असमी |

(A) क–3, ख–1, ग–2, घ–4
(B) क–3, ख–4, ग–2, घ–1
(C) क–4, ख–3, ग–2, घ–1
(D) क–2, ख–3, ग–4, घ–1

**237.** 'ठुमरी' कहानी संग्रह किसका है?
(A) श्रीलाल शुक्ल का
(B) फणीश्वरनाथ रेणु का
(C) विद्यानिवास मिश्र का
(D) विवेकी राय का

**238.** मेरठ, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर के आसपास की बोली है–
(A) कौरवी
(B) ब्रज
(C) मगही
(D) अवधी

**239.** निम्नलिखित शब्दों में से सही वर्तनी वाला शब्द छाँटिए–
(A) आर्शीवाद
(B) आशीरवाद
(C) आशीर्वाद
(D) आशिर्वाद

**240.** 'तीसरा सप्तक' कब प्रकाशित हुआ?
(A) सन् 1950 ई.
(B) सन् 1951 ई.
(C) सन् 1959 ई.
(D) सन् 1965 ई.

**241.** 'कलगी बाजरे की' कविता में क्या मैला हो गया है–
(A) प्रतीक
(B) उपमान
(C) बिम्ब
(D) अलंकार

**242.** 'कालिदास' कविता के रचयिता कौन हैं–
(A) अज्ञेय
(B) नागार्जुन
(C) धूमिल
(D) रघुवीर सहाय

**243.** 'तार सप्तक' के कवि नहीं हैं:

(A) रामविलास शर्मा
(B) मुक्तिबोध
(C) अज्ञेय
(D) कुंवर नारायण

**244.** निम्नलिखित में मुक्तिबोध की कविता कौन–सी है:

(A) नदी के द्वीप
(B) अकाल और उसके बाद
(C) पटकथा
(D) ब्रह्म राक्षस

**245.** साठोत्तरी कविता में प्रबल रहा है–

(A) स्थूल के प्रति सूक्ष्म का चित्रण
(B) सर्वहारा वर्ग का चित्रण
(C) सुधारवादी चेतना
(D) अस्वीकृति और विद्रोह का स्वर

**246.** ''कहीं फिर खड़ा होगा नए व्यक्तित्व का आकार मात! उसे फिर संस्कार तुम देना।'' पंक्तियाँ किस कविता की हैं?

(A) नदी के द्वीप
(B) कलगी बाजरे की
(C) कुआनो नदी
(D) असाध्य वीणा

**247.** 'संस्कृति के चार अध्याय' पुस्तक के लेखक हैं:

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) प्रेमचंद
(C) हरिवंशराय बच्चन
(D) रामधारी सिंह दिनकर

**248.** 'कुआनो नदी' कविता के रचनाकार हैं:

(A) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(B) केदारनाथ सिंह
(C) रघुवीर सहाय
(D) धूमिल

**249.** निम्न रचनाओं में से कौन–सी रचना जयशंकर प्रसाद की नहीं है–

(A) लहर
(B) तितली
(C) ध्रुवस्वामिनी
(D) 'कामायनी : एक पुनर्विचार'

**250.** हरिवंश राय बच्चन को किस वाद का प्रवर्तक माना जाता है–

(A) प्रगतिवाद
(B) हालावाद
(C) प्रयोगवाद
(D) छायावाद

**251.** 'रतिनाथ की चाची' किस विधा से सम्बद्ध है–

(A) उपन्यास (B) नाटक

(C) काव्य (D) आलोचना

**252.** 'मुड़ मुड़ के देखता हूँ' किसकी आत्मकथा है?

(A) राजेन्द्र यादव (B) भीष्म साहनी

(C) रवीन्द्र कालिया (D) कमलेश्वर

**253.** ''सैकत शय्या पर दुग्ध धवल
तन्वंगी गंगा ग्रीष्म विरल
लेटी है, श्रान्त, क्लान्त, निश्चल''
किस कवि की पंक्तियाँ हैं–

(A) महादेवी वर्मा (B) रघुवीर सहाय

(C) सुमित्रानंदन पंत (D) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

**254.** 'लाइट ऑफ एशिया' नामक काव्य का अनुवाद रामचंद्र शुक्ल ने किस नाम से किया था:

(A) राम चरित (B) कृष्ण चरित

(C) बुद्ध चरित (D) गांधी चरित

**255.** काम मंगल से मंडित श्रेय
सर्ग इच्छा का है परिणाम;
तिरस्कृत कर उसको तुम भूल
बनाते हो असफल भवधाम।
उपर्युक्त काव्य पंक्तियाँ 'कामायनी' के किस सर्ग की हैं?

(A) वासना (B) काम

(C) श्रद्धा (D) लज्जा

**256.** निम्न में कौन सा युग्म सही नहीं है?

(अ) महादेवी – पथ के साथी (ब) हरिवंश राय बच्चन –उर्वशी

(स) जगदीशचन्द्र माथुर – दस तसवीरें (द) कांति कुमार जैन –बैकुण्ठपुर में बचपन

(A) 'अ' (B) 'ब'

(C) 'स' (D) 'द'

**257.** निम्न में से कौन सा युग्म सही नहीं है?

(A) अरे यायावर रहेगा याद–अज्ञेय
(B) माटी हो गई सोना–विष्णु प्रभाकर
(C) अतीत के चलचित्र–महादेवी वर्मा
(D) तितली–जयशंकर प्रसाद

**258.** 'सौंदर्य की नदी नर्मदा' के लेखक हैं?

(A) अमृतलाल वेगड़
(B) राहुल सांकृत्यायन
(C) कृष्णनाथ
(D) रामवृक्ष बेनीपुरी

**259.** 'तू कहता कागद की लेखी, मैं कहता आंखिन की देखी' किसकी पंक्तियां हैं:

(A) रैदास
(B) गुरु नानक
(C) कबीर
(D) तुलसीदास

**260.** मलिक मुहम्मद जायसी की रचना नहीं है–

(A) आखिरी कलाम
(B) पद्मावत
(C) अखरावट
(D) मृगावती

**261.** 'फूल नही रंग बोलते हैं' के रचनाकार हैं:

(A) त्रिलोचन
(B) निराला
(C) केदारनाथ अग्रवाल
(D) मलयज

**262.** निम्नांकित में से कौन भारतेन्दु युग के निबंधकारों में नहीं हैं–

(A) बालकृष्ण भट्ट
(B) पद्मसिंह शर्मा
(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(D) प्रताप नारायण मिश्र

**263.** विद्यानिवास मिश्र की रचना नहीं है–

(A) तुम चन्दन हम पानी
(B) आंगन का पंछी और बंजारा मन
(C) कुटज
(D) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है

**264.** 'भौ' नामक निबन्ध के लेखक का क्या नाम है–

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) विद्यानिवास मिश्र
(D) प्रतापनारायण मिश्र

**265.** 'अधखिला फूल' उपन्यास के लेखक हैं–

(A) किशोरीलाल गोस्वामी
(B) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(C) ब्रजनंदन सहाय
(D) मन्नन द्विवेदी

**266.** 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' किसका कथन है–

(A) भरत
(B) दण्डी
(C) विश्वनाथ
(D) मम्मट

**267.** आचार्य क्षेमेन्द्र द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त है–

(A) वक्रोक्ति सिद्धान्त
(B) ध्वनि सिद्धान्त
(C) औचित्य सिद्धान्त
(D) रस सिद्धान्त

**268.** 'दुरूपयोग' में किस संधि का उपयोग हुआ है:

(A) स्वर
(B) व्यंजन
(C) वृद्धि
(D) विसर्ग

**269.** 'जगत है सच्चा, तनिक न कच्चा, समझो बच्चा इसका भेद' पंक्तियों के लेखक हैं:

(A) रामनरेश त्रिपाठी
(B) श्रीधर पाठक
(C) बालकृष्ण भट्ट्ट
(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

**270.** गद्य और पद्य दोनों में लिखी गयी रचना कहलाती है:

(A) कथा
(B) आख्यायिका
(C) चम्पूकाव्य
(D) महाकाव्य

**271.** 'परख' उपन्यास के लेखक हैं:

(A) अमृतलाल नागर
(B) भगवतीचरण वर्मा
(C) जैनेन्द्र
(D) भीष्म साहनी

**272.** आदिकवि वाल्मीकि के क्रौंच वियोग से संबंधित छन्दोमयी वाणी से किस रस का संबंध जुड़ता है?

(A) करुण
(B) श्रृंगार
(C) वीर
(D) भयानक

**273.** 'ण' वर्ण का उच्चारण स्थान है–

(A) तालु (B) मूर्धा

(C) दंत (D) कंठ

**274.** 'गिरा अरथ, जल बीचि सम कहियत भिन्न न भिन्न।' उक्त पंक्ति किस कवि की है?

(A) केशवदास (B) तुलसीदास

(C) ईश्वरदास (D) नागरीदास

**275.** ''धर्म का प्रवाह कर्म, ज्ञान और भक्ति, इन तीन धाराओं में चलता है। इन तीनों के सामंजस्य से धर्म सजीव दशा में रहता है। किसी एक के भी अभाव में वह विकलांग हो जाता है।'' यह कथन किस आलोचक का है–

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) राहुल सांस्कृत्यायन (D) रामविलास शर्मा

**276.** पूर्वी हिंदी की दो बोलियों का सही युग्म है–

(A) कन्नौजी–अवधी (B) ब्रज–बघेली

(C) बघेली–कुमाऊँनी (D) अवधी–बघेली

**277.** 'पूस की रात' कहानी का प्रमुख पात्र है–

(A) माधव (B) अलगू

(C) हल्कू (D) रग्घू

**278.** 'नागरी प्रचारिणी सभा, काशी' के संस्थापक नहीं थे:

(A) श्यामसुंदर दास (B) रामनारायण मिश्र

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी (D) शिवकुमार सिंह

**279.** 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' के लेखक हैं–

(A) धर्मवीर भारती (B) कमलेश्वर

(C) राजेन्द्र यादव (D) मोहन राकेश

**280.** 'आवारा मसीहा' औपन्यासिक जीवनी किसके जीवन पर आधारित है?

(A) शरतचंद्र (B) बंकिमचंद्र

(C) महात्मा गांधी (D) विवेकानंद

**281.** 'कर्मवीर' पत्रिका के संपादक थे–

(A) माखनलाल चतुर्वेदी
(B) गणेश शंकर विद्यार्थी
(C) गुलाबराय
(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

**282.** इनमें से कौन–सा संस्मरणात्मक ग्रंथ कृष्णा सोबती द्वारा रचित है?

(A) हम हशमत
(B) यादें और बातें
(C) पथ के साथी
(D) स्मृतियों के छंद

**283.** 'कविता कवि व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति नहीं, व्यक्तित्व से मुक्ति है।' यह कथन किसका है?

(A) लूकाच
(B) कॉलरिज
(C) आई.ए.रिचर्ड्स
(D) टी.एस. इलियट

**284.** 'पेरिइप्सुस' ग्रंथ के आधार पर 'काव्य में उदात्त तत्व' की अवधारणा का प्रवर्तन किसने किया?

(A) अरस्तू
(B) लौंजाइनस
(C) टी.एस. इलियट
(D) आई.ए. रिचर्ड्स

**285.** 'कांतासम्मित उपदेश' को एक काव्य प्रयोजन माननेवाले चिंतक हैं:

(A) कुंतक
(B) भरत
(C) भट्टनायक
(D) मम्मट

**286.** 'प्रतिभा' का संबंध किससे है?

(A) काव्य हेतु
(B) काव्य–स्वरूप
(C) काव्य प्रयोजन
(D) काव्य लक्षण

**287.** 'कविवचनसुधा' के संपादक थे:

(A) भारतेन्दु हरिश्चंद्र
(B) राधाकृष्णदास
(C) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(D) अम्बिकादास व्यास

**288.** प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से प्रेमचंद के उपन्यासों का सही क्रम है:

(A) गबन, कर्मभूमि, निर्मला, गोदान
(B) निर्मला, गबन, कर्मभूमि, गोदान
(C) कर्मभूमि, निर्मला, गोदान, गबन
(D) गबन, निर्मला, कर्मभूमि, गोदान

**289.** भीष्म साहनी का उपन्यास नहीं है–

(A) तमस
(B) कुंतो
(C) काले उजले दिन
(D) मय्यादास की माड़ी

**290.** 'मणिकर्णिका' किसकी आत्मकथा है:

(A) श्यौराज सिंह बेचैन
(B) रमणिका गुप्ता
(C) जयप्रकाश कर्दम
(D) तुलसीराम

**291.** गोरखनाथ किसके शिष्य थे:

(A) जालंधरनाथ
(B) मत्स्येंद्रनाथ
(C) प्राणनाथ
(D) ईश्वरनाथ

**292.** 'आदिकाल' को वीरगाथा काल किसने कहा है?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) रामकुमार वर्मा
(C) राहुल सांकृत्यायन
(D) रामचंद्र शुक्ल

**293.** 'अ हिस्ट्री ऑव हिन्दी लिटरेचर' नामक हिन्दी साहित्य के इतिहास के लेखक हैं:

(A) एफ.ई.के
(B) गार्सां द तासी
(C) इडविन ग्रीव्ज
(D) जार्ज ग्रियर्सन

**294.** विद्यापति के संदर्भ में किसने कहा था कि 'आध्यात्मिक रंग के चश्मे बहुत सस्ते हो गए हैं।'

(A) रामकुमार वर्मा
(B) लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय
(C) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(D) रामचंद्र शुक्ल

**295.** 'मधुमालती' के रचनाकार हैं:

(A) मंझन
(B) कुतुबन
(C) उस्मान
(D) कासिम शाह

**296.** 'रामायण महानाटक' की रचना किसने की

(A) प्राणचंद चौहान
(B) हृदयराम
(C) नाभादास
(D) अग्रदास

**297.** 'भविष्यत कहा' के रचयिता कौन हैं?

(A) विद्याधर (B) शारंगधर

(C) धनपाल (D) मेरुतुंग

**298.** 'अष्टछाप' की स्थापना किसने की–

(A) विट्ठलनाथ (B) वल्लभाचार्य

(C) सूरदास (D) गोकुलनाथ

**299.** निम्नांकित में से अष्टछाप के कवि नहीं हैं:

(A) गोविन्दस्वामी (B) नागरीदास

(C) छीतस्वामी (D) कृष्णदास

**300.** 'ललित ललाम' किसका ग्रंथ है:

(A) भिखारीदास (B) पद्माकर

(C) चिंतामणि (D) मतिराम